# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार, 21 अग्रहायण, शक संवत्, 1934

( दिनांक : 12 दिसम्बर, 2012 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (दिखिए नत्थी "क")।

2. निधन के निदेश।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर की ग्राम सभा मर्दसू, के मजरे ग्राम सुईला, धवाडा गांवों के विद्युतीकरण किये जाने के संबंध में" श्री रसपाल सिंह,, एवं निवासीगण, ग्राम सभा मर्दसू, जनपद देहरादून द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर की ग्राम सभा बावनधार के मजरे ग्राम झावगी, जैंदर के विद्युतीकरण किये जाने के संबंध में" श्री सन्तराम,, एवं निवासीगण, ग्राम झावगी, ग्राम सभा बावनधार, जनपद देहरादून द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर की ग्राम सभा मटोगी के मजरे ग्राम रैडा, निगरोड़ा, खेड़ा, हरलोई थात, ढाक्वी धार, कुरजील,, डूमन थात गांवों के विद्युतीकरण किये जाने के संबंध में" श्री दिवान सिंह,, एवं निवासीगण, ग्राम निगरोड़ा ग्राम सभा मटोगी जनपद देहरादून द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर की ग्राम सभा भलेर के मजरे ग्राम क्वागी, बायडीखील, मांडुवा गांवों के विद्युतीकरण किये जाने के संबंध में" श्री खजान सिंह तोमर,, एवं निवासीगण, ग्राम बायडीखील, ग्राम सभा भलेर, जनपद देहरादून द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

9. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

10. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

11. कृषि मंत्री, उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद मण्डी (विकास एवं विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

12. कृषि मंत्री, उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद मण्डी (विकास एवं विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

13. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

14. परिवहन मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार (संशोधन) विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री हरबंश कपूर<br>3. श्री मदन कौशिक<br>4. श्री दलीप सिंह रावत<br>5. श्री अजय टम्टा<br>6. श्री महावीर सिंह<br>7. श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>8. डा0 प्रेम सिंह<br>9. श्री यतीश्वरानन्द<br>10. श्री चन्दन राम दास<br>11. श्री हरभजन सिंह चीमा<br>12. श्री बिशन सिंह चुफाल<br>13. श्री तीरथ सिंह रावत<br>14. श्री आदेश चौहान<br>15. श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>16. श्री राजेश शुक्ला<br>17. श्री दान सिंह भण्डारी<br>18. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19. श्री बंशीधर भगत | "उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार (संशोधन) विधेयक, 2012 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br><br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

20. श्री पुष्कर सिंह धामी
21. श्री सहदेव सिंह
22. श्री गणेश जोशी
23. श्री मालचन्द
24. श्री प्रेम चन्द अग्रवाल
25. श्री राजकुमार ठुकराल
26. श्री भीमलाल आर्य।
27. श्री चन्द्रशेखर
28. श्री संजय गुप्ता
29. श्री अरविन्द पाण्डे

15. परिवहन मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार (संशोधन) विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

16. परिवहन मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन और नागरिक अवस्थापना उपकर विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| **प्रस्तावक का नाम** | **संशोधन का रूप** |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री हरबंश कपूर<br>3. श्री मदन कौशिक<br>4. श्री दलीप सिंह रावत<br>5. श्री अजय टम्टा<br>6. श्री महावीर सिंह<br>7. श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>8. डा0 प्रेम सिंह<br>9. श्री यतीश्वरानन्द<br>10. श्री चन्दन राम दास<br>11. श्री हरभजन सिंह चीमा<br>12. श्री बिशन सिंह चुफाल<br>13. श्री तीरथ सिंह रावत<br>14. श्री आदेश चौहान<br>15. श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>16. श्री राजेश शुक्ला<br>17. श्री दान सिंह भण्डारी<br>18. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19. श्री बंशीधर भगत<br>20. श्री पुष्कर सिंह धामी<br>21. श्री सहदेव सिंह<br>22. श्री गणेश जोशी | " उत्तराखण्ड परिवहन और नागरिक अवस्थापना उपकर विधेयक 2012 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br><br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

23. श्री मालचन्द
24. श्री प्रेम चन्द अग्रवाल
25. श्री राजकुमार ठुकराल
26. श्री भीमलाल आर्य।
27. श्री चन्द्रशेखर
28. श्री संजय गुप्ता
29. श्री अरविन्द पाण्डे

17. परिवहन मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन और नागरिक अवस्थापना उपकर विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

18. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य एकल खिड़की सुगमता और अनुज्ञापन विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री हरबंश कपूर<br>3. श्री मदन कौशिक<br>4. श्री दलीप सिंह रावत<br>5. श्री अजय टम्टा<br>6. श्री महावीर सिंह<br>7. श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>8. डा0 प्रेम सिंह<br>9. श्री यतीश्वरानन्द<br>10. श्री चन्दन राम दास<br>11. श्री हरभजन सिंह चीमा<br>12. श्री बिशन सिंह चुफाल<br>13. श्री तीरथ सिंह रावत<br>14. श्री आदेश चौहान<br>15. श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>16. श्री राजेश शुक्ला<br>17. श्री दान सिंह भण्डारी<br>18. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19. श्री बंशीधर भगत<br>20. श्री पुष्कर सिंह धामी<br>21. श्री सहदेव सिंह<br>22. श्री गणेश जोशी<br>23. श्री मालचन्द<br>24. श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>25. श्री राजकुमार ठुकराल | " उत्तराखण्ड राज्य एकल खिड़की सुगमता और अनुज्ञापन विधेयक, 2012 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br><br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

26. श्री भीमलाल आर्य।
27. श्री चन्द्रशेखर
28. श्री संजय गुप्ता
29. श्री अरविन्द पाण्डे

19. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य एकल खिड़की सुगमता और अनुज्ञापन विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

20. सिंचाई मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विद्युत उत्पादन पर जल उपयोग कर विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री हरबंश कपूर<br>3. श्री मदन कौशिक<br>4. श्री दलीप सिंह रावत<br>5. श्री अजय टम्टा<br>6. श्री महावीर सिंह<br>7. श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>8. डा0 प्रेम सिंह<br>9. श्री यतीश्वरानन्द<br>10. श्री चन्दन राम दास<br>11. श्री हरभजन सिंह चीमा<br>12. श्री विशन सिंह चुफाल<br>13. श्री तीरथ सिंह रावत<br>14. श्री आदेश चौहान<br>15. श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>16. श्री राजेश शुक्ला<br>17. श्री दान सिंह भण्डारी<br>18. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19. श्री बंशीधर भगत<br>20. श्री पुष्कर सिंह धामी<br>21. श्री सहदेव सिंह<br>22. श्री गणेश जोशी<br>23. श्री मालचन्द | " उत्तराखण्ड विद्युत उत्पादन पर जल उपयोग कर विधेयक, 2012 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br><br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

24. श्री प्रेम चन्द अग्रवाल
25. श्री राजकुमार ठुकराल
26. श्री भीमलाल आर्य।
27. श्री चन्द्रशेखर
28. श्री संजय गुप्ता
29. श्री अरविन्द पाण्डे

21. सिंचाई मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विद्युत उत्पादन पर जल उपयोग कर विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

22. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

23. विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के ग्राम पंचायत चांदा में खखरा नदी में बाढ़ आने से चांद, भिलइया एवं बरी गांव के आस-पास के क्षेत्रों की कृषि भूमि, राजकीय भूमि एवं भवन तथा आवासीय भवनों को हुई अत्यधिक क्षति एवं किसानों को हो रहे नुकसान के संबंध में डा0 प्रेम सिंह राना, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 10 दिसम्बर, 2012 को दी गई सूचना पर, आपदा प्रबन्धन मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

24. जनपद पिथौरागढ़ के बडालू में ए0एन0एम0 ट्रेनिंग सेन्टर के भवन एवं छात्रावास का निर्माण दो वर्ष पूर्ण हो जाने के उपरान्त भी उसमें ट्रेनिंग न दिलाये जाने के संबंध में श्री बिशन सिंह चुफाल, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 10 दिसम्बर, 2012 को दी गई सूचना पर, चिकित्सा शिक्षा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 12 दिसम्बर, 2012

(डी0पी0गैरोला)
प्रमुख सचिव।

तृतीय सत्र, 2012
का द्वितीय बुधवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## बुधवार, 21 अग्रहायण, शक संवत्, 1934

## ( दिनांक : 12 दिसम्बर, 2012 )

## नत्थी ''क''

### तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 10.09.2012 | *1. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जैविक खेती के लिए कौन कौन से कृषि क्षेत्र चिन्हित किये गये हैं तथा उक्त क्षेत्रों में कितना जैविक खाद्यानों का उत्पादन होता है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार जैविक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहन राशि देने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री मनोज तिवारी 09.10.2012 | *2. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र अल्मोड़ा के अन्तर्गत सितम्बर, 2012 को आयी आपदा के कारण कितनी जन हानि हुई है व कितनी पशुहानि तथा कितनी सरकारी सम्पत्ति एवं निजी सम्पत्ति को नुकसान हुआ है ? क्या उपरोक्त नुकसान को चिन्हित कर लिया गया है ? यदि चिन्हित किया गया है तो वर्तमान में क्या कार्यवाही की गई है ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 12.10.2012 | *3. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि केन्द्र सरकार द्वारा रसोई गैस पर वर्ष भर में छः सिलेंडर के बाद सब्सिडी समाप्ति से प्रदेशवासियों को प्रदेश सरकार की ओर से कोई और राहत देने की योजना है ? यदि हां, तो कितने सिलेंडर तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य |
| श्री मनोज तिवारी 15.10.2012 | *4. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 05 मई, 2012 को जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र अल्मोड़ा हेतु मेडिकल कालेज अल्मोड़ा के कार्य को गति एवं फण्ड देने की घोषणा की गयी थी ? यदि हां, तो अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक धनराशि मिल जायेगी ? | चिकित्सा शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 15.10.2012 | ***5. तृतीय गुरूवार के तारांकित 04 में स्थाना0**<br>क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि धनौल्टी विधान सभा क्षेत्र के धनौल्टी में कोल्ड स्टोर खुलवाने पर क्या सरकार कोई विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक निर्णय ले लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 31.10.2012 | *6. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के पहाड़ी जिलों में राजस्व विभाग में पटवारियों के कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार उक्त रिक्त पदों को भरने हेतु विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री मालचन्द 08.11.2012 | *7. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत नौगांव, पुरोला, मोरी में क्षेत्रीय उत्पादित नगदी फसलों के निर्यात व रख रखाव हेतु लघु मण्डियों की व्यवस्था करेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| डा0 जीतराम 21.11.2012 | *8. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकार आपदा से प्रभावित परिवारों के विस्थापन हेतु भूमि बैंक की स्थापना किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री दान सिंह भण्डारी 19.09.2012 | *9. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत भीमताल विधान सभा क्षेत्रों में अमृतपुर, हैड़ाखान, लगूड़, गांजा, अल्चौना, मलुवाताल आदि करीब 10 ग्राम सभा विधान सभा भीमताल में गौला नदी व कालसा नदी के किनारे बसे किसानों की वर्ष 2012 में नदी के भीषण ऊफान के कारण आधे से अधिक जमीन कट चुकी है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा भविष्य में कृषि भूमि के कटाव को रोकने के लिए कोई ठोस नीति बनाई गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| डा0 जीतराम 21.11.2012 | *10. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार सीमान्त विकास प्राधिकरण की स्थापना करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मालचन्द 08.11.2012 | **1. द्वितीय गुरूवार के अता0 09 में स्थाना0**<br>क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत विकासखण्ड मोरी में जड़ी बूटी के विस्तार हेतु खेती क्षेत्र को चिन्हित किया जायेगा ? यदि हां, तो इस व्यवसाय की खेती करने वाले कास्तकारों के लिए प्रमिट खुले रखे जायेंगे जिससे क्षेत्र में रोजगार की समस्या का समाधान हो सके ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मालचन्द 08.11.2012 | 2. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत नौगांव, पुरोला, मोरी में क्षेत्र के कृषकों तथा बेरोजगार नवयुवकों में कृषि की आधुनिक तकनीकी की बारीकियों तथा फसल की उचित गुणवत्ता का ज्ञान बांटने हेतु सरकार क्षेत्र में कृषि विद्यालय खोलने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री मालचन्द 08.11.2012 | 3. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत नौगांव, पुरोला, मोरी में क्षेत्रीय ग्रामीण शरद ऋतु में पशुओं तथा भेड़ बकरियों के वास्ते सूखे पशु चारे व घास भूस का संरक्षण कर घरों में सुरक्षित रखते हैं जो आगजनी की दृष्टि से बहुत विनाशकारी हैं तथा विगत वर्षों में कई घटनायें घट चुकी हैं ? क्या सरकार सूखे पशु चारे व घास भूस के रख रखाव के लिए पर्वतीय क्षेत्र में अन्य कोई उचित व्यवस्था करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री मालचन्द 09.11.2012 | 4. **तृतीय गुरूवार के अता0 12 में स्थाना0**<br>क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत नौगांव, पुरोला, मोरी में ग्रामीण काश्तकारों के आवागमन व खच्चर ढुलान से निजात पाने तथा सही समय पर उत्पादित फसलों को मण्डी में पहुचाने के उद्देश्य से जगह-जगह पर छोटे छोटे रोपवे की व्यवस्था की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |
| श्री मालचन्द 09.11.2012 | 5. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत रामासिराई के काश्तकारों हेतु बडियाड़ खड से जल लिफ्ट योजना बनवाई जाएगी, जिससे काश्तकारों की समस्त कृषि भूमि सिंचित हो सके, तथा समय रहते अपनी फसलें तैयार कर उचित दाम प्राप्त कर सकें ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री दलीप सिंह रावत 20.11.2012 | 6. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र लैन्सडाउन के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों हेतु राजस्व विभाग में कितने अनापत्ति हेतु प्रस्ताव लम्बित हैं तथा इनके लम्बित रहने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार द्वारा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| डा0 जीतराम 21.11.2012 | 7. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार वर्ष 2008 के बाद आपदा से विस्थापन में आये गावों का सर्वेक्षण करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नवप्रभात<br>22.11.2012 | 8. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की तहसील विकासनगर के ग्राम फतेहपुर की कितनी कृषि भूमि बाढ़ में नष्ट हुई है तथा सरकार द्वारा कितने किसानों को कुल कितना मुआवजा दिया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कृषि भूमि को पुनः कृषि योग्य बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किये गये हैं ? क्या सरकार कृषि भूमि के कटाव को रोकने के लिये यहां बाढ़ सुरक्षा योजना का निर्माण करेगी ? यदि हां, तो इस विषय में क्या कार्यवाही की गयी है ? | सिंचाई |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>03.10.2012 | 9. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत दैवीय आपदा जोन कपकोट में बाढ़ सुरक्षा कार्यक्रम हेतु मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 616/2012, दिनांक 07 जून, 2012 को धन आवंटन किये जाने हेतु घोषणा की है ? यदि हां, तो कितना धन आवंटित किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>05.10.2012 | 10. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र ऋषिकेश के अन्तर्गत वर्ष 2003 में निर्मित तहसील कालोनी की सीवर लाईन व गटर चौक (बन्द) है ? यदि हां, तो क्या सरकार कालोनीवासियों को इस परेशानी से निजात दिलाने हेतु विचार कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री यतीश्वरानन्द<br>29.08.2012 | 11. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के टिहरी विस्थापित क्षेत्र में जंगली जानवरों से कालोनी वासियों को निजात दिलाने के लिए सुरक्षा दीवार बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो दीवार का निर्माण कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |